


नवभारत 10
इंदौर, रविवार, 02 अगस्त 2026

# शमशान घाट चोरी का दो दिन में खुलासा किया

**महिदपुर। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन करणदीप सिंह एसडीओपी जेंडेन लिंगजेपा के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधियों की पतारशी करने के लिए थाना प्रभारी अशोक पाटीदार को निर्देशित करने पर टीम तैयार कर शमशान घाट से चोरी करने वाले आरोपी गण को गिरफ्तार कर चोरी गया मश्रुका कीमत 50,000 रुपए का बरामद किया गया।**

30 जुलाई को फरियादी प्रमोद दावरे पिता देवीलाल दावरे आयु 50 वर्ष निवासी वॉल्मिक गली महिदपुर ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 जुलाई की रात्रि में सत्या शमशान घाट महिदपुर के कमरे के दरवाजे का नकुचा तोडकर अंदर घूसकर ब्लोर मशीन, पंखा, माईक चलाने की मशीन, तांबे का लोटा, माइक, दो युनिट चिलम की, स्टील की बाल्टी व स्टील के बर्तन, सीसीटीवी कैमरे की मैमोरी कार्ड तथा पेटी में रखा लोहे का अन्य सामान चुरा कर ले गये। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना आरोपी गण शोहराब पिता अजीज खान जाति मुस्लिम उम्र 30 साल निवासी बैरजाली महिदपुर, असलम उर्फ वकार पिता मुस्लिम शाह जाति फकीर उम्र 29 साल निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर, रईश पिता बब्बू उर्फ बबलू खान जाति फकीर उम्र 38 साल निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर, अकरम पिता मोहम्मद गनी जाति शाह उम्र 33 साल निवासी फकीर मोहल्ला महदिपुर को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान कीमत करीब 50 हजार रुपये का जब्त किया गया। आरोपी गण को न्यायालय महिदपुर पेश किया गया।

### चोरी का सामान खरीदने वाले भी बने आरोपी



### सराहनीय भूमिका

उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना महिदपुर पुलिस टीम निरीक्षक अशोक पाटीदार, उपनिरीक्षक अन्नपूर्णा कटेरिया, पन्नालाल अलावे, विजयसिंह, नारायण सिंह, राघव, मोसिम, लेखराज, गोविन्दसिंह, सुनील जामलिया, संजयसिंह, समरथ, चन्द्रभान, चालक नारायण आदि की सराहनीय भूमिका रही।



# श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में हर्षोल्लास के साथ मना ग्रीन डे

**खाचरौद। श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।**

विद्यालय परिसर को आकर्षक हरे रंग की सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पेड़, फल, सब्जियाँ एवं हरे रंग के पशु-पक्षियों की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने सुंदर एवं रचनात्मक वेशभूषा में प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना कुंदी ने विद्यार्थियों को हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, पेड़ों की रक्षा करने तथा स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक नजर में



### बंधन वस्तु में नहीं, दृष्टि में है : मुनिश्री

**उज्जैन।** बंधन किसी बाहरी वस्तु में नहीं, बल्कि हमारी दृष्टि और आसक्ति में होता है। संसार की वस्तुएं मनुष्य को नहीं बांधतीं, बल्कि मेरा का भाव ही वास्तविक बंधन है। यदि किसी ने सब कुछ त्याग दिया, लेकिन अहंकार नहीं छोड़ा, तो वह अब भी बंधन में है। इसलिए बाहरी त्याग से ज्यादा जरूरी भीतर के अहंकार, ममता और आसक्ति का त्याग है। सुविधाएं जीवन का साधन हो सकती हैं, लेकिन जब उनके प्रति मोह और अधिकार का भाव पैदा हो जाए, तब वे बंधन बन जाती हैं। यह बात अरविंद नगर में चल रही धर्मसभा में बंधन विषय पर समझाई गई। मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव विजय वीररत्नसूरीश्वर महाराजा की कृपा और आचार्यदेव विजय पद्मभूषण रत्नसूरिश्वर के सान्निध्य में चल रहे पावन चातुर्मास के दौरान आयोजित सूयगडांग सूत्र वाचन एवं विवेचन में पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय ने शनिवार को बंधन विषय पर अत्यंत मार्मिक एवं चिंतनपरक प्रवचन दिया।

**दुर्लभ है मानव जीवन**-उन्होंने आगे बताया कि बंधन सुविधा का नहीं, बल्कि आसक्ति का नाम है। सुविधाएं जीवन का साधन हो सकती हैं, किंतु जब उनके प्रति मोह और अधिकार का भाव उत्पन्न हो जाता है, तभी वे बंधन बन जाती हैं। आत्मबोध का प्रेरक सूत्र देते हुए गुरुदेव ने कहा कि बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आत। मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ और क्षणभंगुर है, इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए धर्म, स्वाध्याय और तप में आगे बढ़ना ही जीवन की सफलता है। वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सतयुग में दुर्जन भी सज्जनों के निमित्त से सज्जन बन जाता था, जबकि कलियुग में सज्जन भी कुसंग पाकर पतन की ओर बढ़ सकता है। इसलिए सदैव सत्संग और सद्विचारों का आश्रय लेना चाहिए। संगीतकार राज मोदी ने दी प्रस्तुति प्रवचन के अंत में संगीतकार राज मोदी की संगीत प्रस्तुति के बीच श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण गुरु भक्ति का लाभ लिया और आसक्ति से मुक्त होकर संयम व धर्म आराधना का मार्ग अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

### दुर्लभ सर्जरी के बाद फिर चलने लगा बच्चा




**इंदौर.** बच्चों में रीढ़ की हड्डी का टेढ़ापन अक्सर शुरुआत में सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन समय रहते इलाज न मिलने पर यही परेशानी गंभीर रूप ले सकती है. ऐसी ही एक दुर्लभ और बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति का सफल उपचार शैल्बी हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जरी विभाग में किया गया, जहां 130 डिग्री तक टेढ़ी हो चुकी रीढ़ वाले एक बच्चे की करीब 13 घंटे चली कठिन सर्जरी के बाद उसे फिर से चलने लायक बनाया गया. शैल्बी हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जन डॉ. प्रणव कुमार ने बताया कि बच्चे को इडियोपैथिक स्कोलियोसिस थाै, . आम तौर पर 50 डिग्री से अधिक रीढ़ के टेढ़ेपन को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है, जबकि इस बच्चे की रीढ़ लगभग 130 डिग्री तक मुड़ चुकी थी. एक्स-रे और सीटी स्कैन में स्थिति बेहद गंभीर मिली. शुरुआत में सर्जरी का जोखिम काफी अधिक था, इसलिए डॉक्टरों ने पूरी सावधानी के साथ इलाज की योजना बनाई. सर्जरी करीब 13 घंटे चली. कई चरणों में चली इस कठिन प्रक्रिया के बाद डॉक्टर रीढ़ को संतुलित स्थिति में लाने में सफल रहे. सर्जरी के बाद बच्चे की हालत लगातार सुधर रही है. ऑपरेशन के चार दिन बाद ही उसके पैरों में संवेदनाएं लौट आईं और वह पैरों को चलाने लगा है. बच्चों की रीढ़ में दिखाई देने वाले किसी भी तरह के टेढ़ेपन को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. यदि शुरुआती अवस्था में इसकी पहचान हो जाए तो कई मामलों में व्यायाम और नियमित उपचार से स्थिति को बढ़ने से रोका जा सकता है. मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक जोशी ने कहा हमारा प्रयास प्रत्येक मरीज को समय पर, सुरक्षित और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है.

# शतरंज स्पर्धा में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट के तीन विद्यार्थियों का संभाग स्तर पर चयन

**महिदपुर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उज्जैन के महाराजवाड़ा क्रमांक-1 में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थी खुशी शर्मा, भव्य कुमावत एवं केशव भाटिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।**




विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं महिदपुर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। इस उल्लेखनीय सफलता पर संस्था के मैनेजर फादर पॉल पारेकाटिल, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप-प्राचार्य अनीस थॉमस, खेल शिक्षक कमलेश साहनी, तूफानसिंह सिसौदिया एवं चन्दन वर्षी सहित समस्त स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आने वाली प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मालवा में 5 लाख नए हितचिंतक बनाएगा विहिप

**उज्जैन।** विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत की आगामी छह माह की कार्ययोजना और संगठन विस्तार को लेकर तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक का उज्जैन में शुभारंभ हो गया है। बैठक में हितचिंतक अभियान के तहत मालवा प्रांत में 5 लाख से अधिक नए हितचिंतक जोड़ने का अहम लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रांत प्रचार प्रमुख गन्नी चौकसे और विहिप बजरंग दल सह प्रचार प्रसार प्रमुख राज जोशी ने बताया कि इस बैठक में प्रांतभर के 29 जिलों से 350 से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए हैं। उद्घाटन सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की मूल शक्ति हमारी परिवार व्यवस्था है। इसे सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने केंद्रीय बैठक के प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी देते हुए सेवा, संस्कार, समरसता, गौरक्षा और सामाजिक जागरण के कार्यक्रमों पर मार्गदर्शन दिया।




**गुरु रविदास और अशोक सिंघल की जयंती पर होंगे कार्यक्रम**-बैठक में तय किया गया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती तथा अशोक सिंघल के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कई जनजागरण व संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विहिप की पत्रिका हिन्दू उदय का विमोचन भी किया गया।



# बलाई समाज युवा संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**उज्जैन।** बलाई समाज युवा संघ उज्जैन द्वारा नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें संगठन की नई जिम्मेदारियां दी गईं। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष विशाल राठौर और संरक्षक हजारीलाल मालवीय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उपस्थित समाजजनों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आव्हान किया। मीडिया प्रभारी अभय बामनिया ने बताया कि कार्यक्रम का सफल संचालन युवा संघ के नवनियुक्त महामंत्री अजय सिसोदिया ने किया। अंत में आभार महामंत्री राजेन्द्र राठौर ने माना।

# नशा मुक्ति अभियान का समापन, बच्चों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए गए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के समापन अवसर पर कानीपुरा-तराना रोड स्थित शासकीय नवीन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, क्षीरसागर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जाट समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवराम जाट के नेतृत्व में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसपी पुष्पा मैडम एवं थाना प्रभारी विवेक तनोडिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।



विद्यालय की प्राचार्य सपना गोथवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के समापन पर विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जनजागरण का संदेश देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जाट समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवराम जाट ने कहा कि बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना केवल पुलिस प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

> आधुनिक तकनीक के दौर में कई बार युवा अनजाने में नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, जिससे उनका भविष्य, परिवार और समाज प्रभावित होता है। इसलिए समय रहते जागरूकता आवश्यक है। सीएसपी पुष्पा मैडम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल स्वयं नशे से दूर रहना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य बेहतर नागरिक बनना और समाज व देश का नाम रोशन करना है, जो नशे की लत से संभव नहीं हो सकता।

# सीएम और पं. मिश्रा 2 अगस्त को दिखाएंगे 84 महादेव दर्शन यात्रा को धर्म ध्वजा

**उज्जैन।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर चौथी निशुल्क 84 महादेव दर्शन यात्रा का शुभारंभ 2 अगस्त रविवार से होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले 10 हजार महिलाओं को भगवा धर्म ध्वजा दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगे। आयोजक ललित लुल्ला और शेशांत चंदेरिया ने बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा और अनुष्ठान की व्यस्तताओं के बावजूद आयोजन समिति के विशेष आग्रह पर इस पुनीत कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। विगत तीन वर्षों की सफलता के बाद इस वर्ष भी श्रावण माह के प्रत्येक रविवार 2, 9, 16, 23 और 30 अगस्त को सुबह 8 बजे टावर चौक से निशुल्क दर्शन यात्रा प्रारंभ होगी। मंच कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालु बसों द्वारा 84 महादेव दर्शन के लिए रवाना होंगे। विशेष रूप से दर्शनार्थियों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष की माला का वितरण भी किया जाएगा।

### नानाखेड़ा से शुरू होगी पालकी यात्रा

संस्था संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, प्रेरणा स्रोत महेश परियानी और यात्रा संयोजक वैभव यादव के मार्गदर्शन में 2 अगस्त को नानाखेड़ा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पं. प्रदीप मिश्रा पालकी पूजन करेंगे। इसके बाद पालकी यात्रा सुभाष नगर, सांवेर रोड, सिंधी कॉलोनी तिराहा और तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे।

**यह अतिथि रहेंगे उपस्थित**-मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, मप्र गृह निर्माण अधोसंरचना विकास मंडल भोपाल के अध्यक्ष ओम जैन, भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल और युवा समाजसेवी अभय यादव उपस्थित रहेंगे।

### इन संतों का मिलेगा पावन सानिध्य

कार्यक्रम में भर्तृहरी गुफा के गादीपति 1008 योगी पीर श्री रामनाथ महाराज, वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर व राज्यसभा सांसद बाल योगी श्री उमेश नाथ महाराज, श्री पंचदशनाम अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि और श्रीकृष्ण मित्रवृंदा के संस्थापक श्री गिरीश गुरु बालक का सानिध्य प्राप्त होगा।




# गूंजे मोहम्मद रफ़ी के सदाबहार नगमे

**उज्जैन।** ऑनेस्टी म्यूज़िकल एकेडमी द्वारा शुक्रवार 31 जुलाई को मोहम्मद रफ़ी की पुण्यतिथि के अवसर पर कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में एक शानदार संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मो. रफ़ी के सदाबहार गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्था की ओर से 150 गरीब लोगों को छातों का वितरण भी किया गया। संस्था प्रमुख हरपाल सिंह चावला ने बताया कि कार्यक्रम में इंदौर से आए नेत्रहीन बालक गौरव पाल ने अपनी सुमधुर गायकी से सबका मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौरव पाल, तेजस्वी महाजन, पार्थ दुबे और प्रियंका दुबे को बेस्ट सिंगर ऑफ द डे के मोमेंटो और नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# गुरु प्रसाद पाराशर हुए सिविल डिफेंस वालंटियर से रूबरू

**उज्जैन।** एडिशनल एसपी गुरु प्रसाद पाराशर आज होमगार्ड कैंपस में सिविल डिफेंस वालंटियर के चल रहे प्रशिक्षण में पहुंचे। यहां पिछले पांच दिनों से सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से प्रशिक्षण ले रहे लगभग 150 प्रशिक्षणार्थियों को स्नेक कैचिंग और एमएफआर के संबंध में उपयोगी टिप्स दिए।

उज्जैन जिले की अलग-अलग तहसीलों के विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र से आए नवयुवक सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण ले रहे हैं। पाराशर ने कहा की सर्प हमारे दुश्मन नहीं है, इन्हें हमें शत्रुवत नहीं देखना चाहिए। इन्हें भूल कर भी क्षति नहीं पहुंचाना चाहिए, बल्कि हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। जब हम किसी भी सांप को पकड़ते हैं तो उसे हमें सुरक्षित रूप से स्नेक पार्क में छोड़ना चाहिए।



> सिंहस्थ 2028 में जब असंख्य लोग यहां उज्जैन आएंगे, ऐसे में सिविल डिफेंस के यह प्रशिक्षित स्नेक कैचर हमारे लिए बहुत उपयोगी रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर प्रथम उपचार और घायल व्यक्ति की किस प्रकार मदद करनी चाहिए इसके बारे में विस्तार से सभी सिविल डिफेंस वालंटियर को बताया। इस अवसर पर होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट एवं एसडीआरएफ के अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा डॉक्टरों की टीम मौजूद थे।

## एक नजर में

### लायंस क्लब सहित कई दानदाताओं ने दिया आर्थिक और खाद्यान्न सहयोग

# युवा मंच सत्संग समिति ने 100 निराश्रित बुजुर्गों को बांटा 10-10 किलो गेहूं

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन द्वारा नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह 10 किलो गेहूं का नि:शुल्क वितरण किया जाता है। इसी श्रृंखला में 1 अगस्त को हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित हृद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित मंच कार्यालय पर अगस्त माह का खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एल्डरमैन अरविंद उपाध्याय और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद जीवन गुरु तिवारी उपस्थित रहे।

**दानदाताओं ने खुले मन से किया सहयोग**-समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि इस पुनीत कार्य में शहर के कई दानदाताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। गेहूं वितरण के लिए लायंस क्लब उज्जैन महाकाल द्वारा 18 हजार रुपए का वार्षिक सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त राजेंद्र विश्वकर्मा ने 3000 रुपए, राजेंद्र गादिया ने 2100 रुपए, कमलेश सिरोलिया ने 1100 रुपए, कल्पना कातरे ने 1000 रुपए, नीता आतिया व चंद्रकांता ने 500-500 रुपए, कमलेश पाव ने 400 रुपए और श्यामा राय ने 200 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं इंदौर की सैलानी गुप्ता ने 16 किलो गेहूं, अशोक मूंदड़ा ने 10 किलो गेहूं तथा यश चौहान के जन्मदिन पर 10 किलो आटा निराश्रित बुजुर्गों के लिए भेंट किया गया।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति**-आयोजन में लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के अध्यक्ष नरेंद्र राठी, कैलाश डागा और अजीत बैराठी उपस्थित रहे। व्यवस्थाओं में महिला मंच की कविता राय, संतोष भारद्वाज और नीता आतिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और दानदाताओं का आभार मंच के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।




### इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव अनिल लशकरी, पारस कुमार जैन, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, ओम रामी, भारद्वाज चौहान, रितेश वर्मा, संतोष शर्मा, सोडाणी, महेंद्र कटियार, मूलचंद राठौर, ओम हारोड़, लीलाधर आतिया, लक्ष्मण पटेल, हेमराज परमार, राजू लश्करी, संजय शुक्ला, सतीश पेंटर और राजेश राणा ने किया।